# सिनेमैटोग्राफ (प्रमाणन) नियम, 2024

## प्रिलिम्स के लिये:

सिनेमैटोग्राफ (प्रमाणन) नियम, 2024, सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 2023, **केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC)।**

## मेन्स के लिये:

भारत में फिल्म उद्योग का विनियमन, भारतीय फिल्म बाज़ार और अर्थव्यवस्था के लिये इसका महत्त्व, वैश्विक फिल्म बाज़ार में भारत की प्रतिस्पर्द्धात्मकता।

**स्रोत: पी. आई. बी.**

## चर्चा में क्यों?

**सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 2023** के अनुसरण में केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सिनेमैटोग्राफ (प्रमाणन) नियम, 1983 के स्थान पर **सिनेमैटोग्राफ (प्रमाणन) नियम, 2024** को अधिसूचित किया है।

- **सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 2023 ने सिनेमैटोग्राफ अधिनियम 1952** में संशोधन किया, जो भारत में फिल्मों के प्रमाणन, प्रदर्शन और सेंसरशिप को नियंत्रित करता है।

## सिनेमैटोग्राफ (प्रमाणन) नियम, 2024 क्या हैं?

- **उद्देश्य :**
  - नियमों का उद्देश्य प्रासंगिकता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिये फिल्म क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियों तथा प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखना है।
- **सिनेमैटोग्राफ (प्रमाणन) नियम, 2024 में मुख्य पहलू:**
  - **ऑनलाइन प्रमाणन प्रक्रियाओं के साथ संरेखण:**
    - ऑनलाइन प्रमाणन प्रक्रियाओं को अपनाने के साथ इसे पूरी तरह से संरेखित करने हेतु नियमों में व्यापक संशोधन किया गया है, जो फिल्म उद्योग के लिये बढ़ी हुई पारदर्शिता, दक्षता और व्यापार सुगमता सुनिश्चित करेगा।
  - **प्रमाणन समय-सीमा में कमी:**
    - फिल्म प्रमाणन की प्रक्रिया के लिये समय-सीमा में कमी और काम करने के समय में लगने वाले विलंब को खत्म करने हेतु पूर्ण डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाना।
  - **फिल्मों के लिये अभिगम्यता सुविधाएँ:**
    - समय-समय पर इस संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, फिल्मों/फीचर फिल्मों में प्रमाणन के लिये पहुँच संबंधी विशेषताएँ होनी चाहिये, ताकि इसमें दिव्यांगजनों को भी शामिल किया जा सके।
  - **आयु-आधारित प्रमाणीकरण का परिचय:**
    - मौजूदा UA (Universal Adult) श्रेणी को तीन श्रेणियों में उप-विभाजित करके प्रमाणन की आयु आधारित श्रेणियों को शुरू किया जा रहा है, यानी बारह वर्ष के बजाय सात **वर्ष (UA 7+), तेरह वर्ष (UA 13+) और सोलह वर्ष (UA 16+)**।
    - ये आयु **आधारित मार्कर केवल अनुशंसात्मक होंगे, जो माता-पिता या अभिभावकों हेतु इस बात पर विचार करने हेतु होंगे** कि क्या उनके बच्चों को ऐसी फिल्म देखनी चाहिये। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि युवा दर्शकों को आयु-उपयुक्त सामग्री उपलब्ध हो।
  - **उन्नत लिंग प्रतिनिधित्व:**
    - नियम केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) बोर्ड और सलाहकार पैनलों में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को निर्धारित करते हैं, बोर्ड में एक-तिहाई सदस्य एवं अधिमानतः आधी महिलाएँ होंगी।
  - **फिल्मों की प्राथमिकता स्क्रीनिंग के लिये प्रणाली:**
    - प्रमाणन प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिये फिल्मों की प्राथमिकता स्क्रीनिंग का प्रावधान शुरू किया गया है, विशेषकर फिल्म रिलीज़

से संबंधति तत्काल प्रतबिद्धताओं का सामना करने वाले फलि्म नरि्माताओं के लयि।
    - **प्रमाण-पत्रों की स्थायी वैधता:**
        - केंद्रीय फलि्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) द्वारा जारी प्रमाण-पत्रों की स्थायी वैधता सुनश्चिति करते हुए प्रमाण-पत्रों की वैधता पर केवल 10 वर्षों के लयि प्रतबिंध हटा दयिा गया है।
    - **टेलीवज़िन प्रसारण के लयि पुनः प्रमाणीकरण:**
        - टेलीवज़िन प्रसारण हेतु संपादति फलि्मों के लयि पुन: प्रमाणन आवश्यक है, जससि केवल अप्रतबिंधति सार्वजनकि प्रदर्शनी श्रेणी प्रमाणन वाली फलि्मों को टेलीवज़िन पर दखिाए जाने की अनुमत मिलिती है।
- **महत्त्व:**
    - नयिमों में बदलाव पछिले चार दशकों में फलि्म प्रौद्योगकिी और दर्शकों की जनसांख्यकिी में प्रगतकिो अद्यतन कयिा गया है।
    - वर्ष 2023 में सनिमैटोग्राफ अधनियिम में संशोधन को लागू करते हुए नए नयिम प्रमाणन प्रक्रयिा को सरल बनाते हैं, जससि यह समकालीन और वशि्व स्तर पर प्रतस्पिर्द्धी बन जाता है।

## केंद्रीय फलि्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC)

- CBFC **सूचना और प्रसारण मंत्रालय** के तहत संचालति एक **वैधानकि नकिाय** है, जसि **सनिमैटोग्राफ अधनियिम, 1952** के अनुसार फलि्मों के सार्वजनकि प्रदर्शन को वनियिमति करने का कार्य सौंपा गया है।
    - वैधानकि आवश्यकताओं और मानकों का अनुपालन सुनश्चिति करते हुए, CBFC से प्रमाणन प्राप्त करने के बाद ही फलि्मों को भारत में सार्वजनकि रूप से प्रदर्शति कयिा जा सकता है।
- CBFC में गैर-आधकिारकि सदस्य और एक अध्यक्ष शामलि होते हैं, जनिकी नयिुक्त केिंद्र सरकार द्वारा की जाती है तथा **इसका मुख्यालय मुंबई में स्थति** है।
- इसके अतरिक्ति, यह पूरे भारत में नौ क्षेत्रीय कार्यालय संचालति करता है, जनिमें से प्रत्येक फलि्मों की जाँच में सहायता के लयि **सलाहकार पैनल** होते हैं।
- सलाहकार पैनल में केंद्र सरकार द्वारा वभिन्नि पृष्ठभूमयिों से नामति सदस्य शामलि होते हैं, जो 2 वर्ष की अवधकि लयि सेवारत होते हैं।

## भारत में फलि्म उद्योग

- **नरि्मति फलि्मों की संख्या के मामले में भारतीय फलि्म उद्योग वशि्व में सबसे बड़ा** है और **40 से अधकि भाषाओं में सालाना 3,000 से अधकि फलि्मों का नरि्माण** करने वाला वशि्व में सबसे बड़ा उद्योग है।
    - भारत में तीन सबसे बड़े फलि्म उद्योग **हदिी, तेलुगू** और **तमलि** हैं।
- भारतीय फलि्म उद्योग अपने जीवंत और ववििध सनिेमा के लयि जाना जाता है जसिका बाज़ार मूल्य **वर्ष 2022 में 172 बलियिन भारतीय रुपए से अधकि** था। यह आँकड़ा फलि्म उद्योग के मूल्य में हुए सुधार को इंगति करता है हालाँकि उद्योग अभी भी कोवडि-19 महामारी के प्रभावों का सामना करते हुए वीडयिो ओवर-द-टॉप (OTT) प्लेटफॉर्म के तीव्र वकिास से होने वाली चुनौतयिों का सामना कर रहा है।
    - भारत में महामारी और लॉकडाउन के दौरान लोग अपने घरों तक ही सीमति थे जसि दौरान OTT प्लेटफॉर्मों सहति वीडयिो स्ट्रीमगि सेवाओं नें लोकप्रयिता हासलि की।
    - भारत में ऑनलाइन वीडयिो बाज़ार में वैश्वकि और स्थानीय अभकिर्त्ताओं की संयुक्त भागीदारी है, जो 400 मलियिन से अधकि उपयोगकर्त्ताओं के लयि प्रतस्पिर्द्धा करते हैं।
- **वत्तिीय वर्ष 2022 में** समग्र देश में टेलीवज़िन और फलि्म उद्योग द्वारा सृजति नौकरयिों का अनुमान **4.12 मलियिन** था, जो वत्तिीय वर्ष 2017 में लगभग 2.36 मलियिन नौकरयिों से अधकि था।

**और पढ़ें...**सनिमैटोग्राफ (संशोधन) वधियेक, 2023

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. हाल ही में बना 'द मैन हू न्यू इन्फनिटिी' (The Man Who Knew Infinity) शीर्षक वाला चलचत्रि कसिके जीवनचरति पर आधारति है? (2016)**

(a) एस. रामानुजन
(b) एस. चंद्रशेखर
(c) एस.एन. बोस
(d) सी.वी. रमन

**उत्तर: (a)**

- 'द मैन हू न्यू इनफनिटिी' भारतीय गणतिज्ञ एस. रामानुजन (1887-1920) के जीवनचरति पर आधारति चलचत्रि है, जो गणतीय वश्लिेषण में अपने बहुमूल्य योगदान के लयि जाने जाते हैं।

- वह रॉयल सोसाइटी के सदस्य थे।

**अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cinematograph-certification-rules-2024